Title: Demand to open the Bokaro Thermal Unit of Damodar Valley Corporation closed from five months.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (मंदसौर) : महोदय, दामोदर वेली कार्पोरेशिन का बोकारो थर्मल पावर स्टेशन का ए प्लांट लगभग पांच महीने से बंद पड़ा हुआ है। उसमें करीब साढे तीन करोड़ रुपए का हर महीने नुकसान हो रहा है। 600 मजदूर बेकार बैठे हुए हैं। जब थर्मल पावर बंद हुआ तब वह 60 मेगावाट बिजली पैदा कर रहा था। जो 2500 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है उसे वहां के अधिकारियों द्वारा वसूला जाए और बोकारो थर्मल पावर प्लांट को अविलम्ब चालू किया जाए। प्रबंधन द्वारा प्रदूषण नियमों का समय पर अनुपालन नहीं करने के कारण करोडो रूपये का नुकसान हो रहा है ।

महोदय, मेरा सरकार से आग्रह है कि इसे तुरंत चालू करवाए। धन्यवाद।